प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 13.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा सरकार के प्रयासों से माओवादी आतंक अंतिम दौर में, डर के साए वाले इलाकों में अब विकास की नई ऊर्जा का हो रहा संचार।

2. झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में ऑनलाइन म्यूटेशन में आ रही परेशानियों का मुद्दा सदन में उठा, मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा–समस्याओं को जल्द किया जाएगा दूर।

3. राज्य में उद्यानिकी क्षेत्र के विकास, विस्तार, अनुसंधान और सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए उद्यान निदेशालय और भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान के बीच हुआ समझौता।

4. कक्षपाल के 1733 पदों की भर्ती प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक, आयु सीमा में छूट को लेकर दायर याचिका पर राज्य सरकार और जेएसएससी से मांगा जवाब।

5. एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफाइनल में आज भारत का मुकाबला इटली से, झारखंड की निक्की प्रधान, सलीमा टेटे और ब्यूटी डुंगडुंग भी उतरेंगी मैदान में।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद देश स्थिर और मजबूत बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में सरकार के लगातार प्रयासों के कारण माओवादी आतंक अब अंतिम सांसें ले रहा है। कभी जो इलाके भय के साए में जीने को मजबूर थे, वहां आज विकास की नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।

****

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का 13वां दिन आज पहली पाली में प्रश्नकाल के साथ शुरू हुआ। इस दौरान विधायकों ने अपने–अपने क्षेत्रों से जुड़े कई मुद्दे सदन में उठाए। प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने ऑनलाइन म्यूटेशन का मामला उठाया।

इस पर विभागीय मंत्री दीपक बिरुआ ने सदन को आश्वस्त किया कि ऑनलाइन रसीद कटने में जो समस्याएं सामने आ रही हैं, उन्हें जल्द दूर कर लिया जाएगा।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति में कल रांची स्थित झारखंड विधानसभा में उद्यान निदेशालय झारखंड और भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरु के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के माध्यम से राज्य में उद्यानिकी क्षेत्र के विकास, विस्तार, अनुसंधान और सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से किसानों को आधुनिक तकनीक का लाभ मिलेगा और उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और मुख्य सचिव अविनाश कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य की जेलों में कक्षपाल के एक हजार सात सौ तैंतीस पदों पर होने वाली भर्ती प्रक्रिया पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने मुमताज अंसारी और अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह अंतरिम आदेश जारी किया। अदालत ने प्रारंभिक दलीलें सुनने के बाद राज्य सरकार और जेएसएससी को नोटिस जारी कर इस मामले में जवाब मांगा है। याचिका में भर्ती प्रक्रिया में आयु सीमा में छूट नहीं दिए जाने पर सवाल उठाया गया है।

****

झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट –जेट –2024 की परीक्षा 29 मार्च को आयोजित की जाएगी। परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और इसका परिणाम मई के दूसरे सप्ताह में जारी किए जाने की संभावना है।

यह जानकारी झारखंड लोक सेवा आयोग –जेपीएससी के सचिव ने शपथपत्र के माध्यम से झारखंड हाईकोर्ट को दी है। इसके बाद चीफ जस्टिस एम.एस. सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को निर्धारित की है।

****

केंद्र सरकार के निर्देश के बाद आपूर्ति विभाग ने रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल का बेहतर तरीके से उपयोग करने का आग्रह किया है। विभाग ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अधिसूचना में कही गई बात का हवाला दिया जिसमें यह कहा गया है कि देश में रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। हालांकि मंत्रालय ने यह भी कहा कि मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण स्थिति अस्थिर बनी हुई है। इस अनिश्चितता को देखते हुए आपूर्ति विभाग ने जनता को इन उत्पादों का सही तरीके से उपयोग करने की सलाह दी है।

****

झारखंड विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के रिक्शे से सदन पहुंचने को भारतीय जनता पार्टी ने दिखावा करार दिया है। भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि यह केवल राजनीतिक नाटक है और इसके माध्यम से राज्य की जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है।

****

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक के शुरूआती कारोबार में एक प्रतिशत की गिरावट देखी गई। अंतिम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स सात सौ दो अंक गिरकर 75 हजार तीन सौ बत्तीस पर और निफ्टी 245 अंक गिरकर 23 हजार तीन सौ पन्चानबे पर आ गया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 49 हजार 3 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 80 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

भारतीय महिला हॉकी टीम आज हैदराबाद में आयोजित एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर के सेमीफाइनल मुकाबले में इटली के खिलाफ मैदान में उतरेगी। यह मैच शाम सात बजकर तीस मिनट से खेला जाएगा। इस मुकाबले में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए झारखंड की खिलाड़ी निक्की प्रधान अपना 201वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगी। वहीं टीम की कप्तान सलीमा टेटे 149वां और ब्यूटी डुंगडुंग 43वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगी।

****

राज्य में आज और कल आसमान साफ रहने तथा मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया है कि 15 मार्च से रांची सहित राज्य के कई जिलों के मौसम में बदलाव आने की संभावना है। 15 से 18 मार्च तक राज्य के करीब 20 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान आकाश में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं और मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

******समाप्त**********